खण्ड -15

संख्या -6

1224
02/02/16

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग-2

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

बुधवार, तिथि 24 मार्च, 1999 ई०

सत्यमेव जयते

विचार करेगी, विचारोपरान्त सारे तथ्यों के देखते हुए निर्णय लेगी। इसलिए माननीय सदस्य से आग्रह है कि अपना प्रस्ताव वापस ले लें ।

**श्री अवध बिहारी सिंह :** महोदय, सरकार प्रस्ताव मंगाती है। हम कहां से भेजायेंगे?

**( व्यवधान )**

**अम्बिका प्रसाद :** महोदय, हमने जो आपको लेटर दिया है, उसका क्या हुआ?

**उपाध्यक्ष :** अम्बिका बाबू पहले सूची में जो 32 का है, उसको लेने दीजिए, उसके बाद आपका लेंगे।

**श्री तुलसी सिंह :** मैं माननीय सदस्य श्री अवध बिहारी सिंह से आग्रह करूँगा कि वे अपना प्रस्ताव वापस ले लें। पुनः प्रस्ताव आयेगा तो सरकार इस पर विचार करेगी।

**उपाध्यक्ष :** सभा की सहमति से यह प्रस्ताव वापस हुआ। माननीय सदस्य, श्री अरुण कुमार सिंह

**क्रम संख्या : 27**

**अरुण कुमार सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि "यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह नालन्दा जिला के बिहार शरीफ निजाये रोड, मंदिरपुर से पुनहा-पितौंझिया सड़क की मरम्मति प्राथमिकता के आधार पर करावे।"

**श्री अवध बिहारी चौधरी :** महोदय प्रस्तावित योजना का प्रक्कलन बनाने का निर्देश दे दिया गया है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,

नालन्दा के प्रबंध पर्षद से विचारोपरान्त स्वीकृति प्राप्त कर निधि की उपलब्धता के आधार पर इस योजना का शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वयन करा दिया जायेगा।

इस परिप्रेक्ष्य में माननीय सदस्य से आग्रह है कि वे अपना प्रस्ताव वापस ले लें ।

**श्री अरुण कुमार सिंह :** महोदय, यह सड़क करीब-करीब 5-6 पंचायतों से संबंध रखता है, 5-6 पंचायतों की पूरी जनता का आवागमन इसी सड़क से है। 30-40 हजार जनता का आवागमन अवरुद्ध है। खासकर आवागमन चालू नहीं रहने के कारण रोगियों के लिये तो मरने की बात हो जाती है । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि जिला योजना में जो पैसा है, उससे तत्काल इस सड़क को बनवाया जाय।

**अवध बिहारी चौधरी :** महोदय, सरकार ने आपके माध्यम से माननीय सदस्य की जानकारी दे दी है कि प्रबंध पर्षद से पारित कराकर आने वाले वित्तीय वर्ष में निधि को उपलब्धता के आधार पर सड़क बनाने की दिशा में सरकार आवश्यक कार्रवाई करेगी। इसलिए माननीय सदस्य जो चाहते हैं उसके मुताबिक मैंने उनको इस संबंध में जानकारी दे दी । माननीय सदस्य से हम आग्रह करेंगे कि वे अपना प्रस्ताव वापस ले लें।

**अरुण कुमार सिंह :** आपके आग्रह पर मैं प्रस्ताव को वापस तो लें लूँगा लेकिन जिला योजना में वह काफी पैसा है, उसमें निधि का अभाव नहीं है, जिला योजना की राशि से इस सड़क को बनवाया जाय।

**उपाध्यक्ष** : सभा की सहमति से यह प्रस्ताव वापस हुआ। माननीय सदस्य श्री अवध बिहारी सिंह (बहादुरगंज।)।

**क्रमांक : 28**

**श्री अवध बिहारी सिंह** : महोदय, "यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि किशनगंज-बहादुरगंज पथ के धनपुरा में कनकई नदी पर क्षतिग्रस्त काठपुल को बदलकर पक्का पुल निर्माण करें।"

**श्री इलियास हुसैन** : महोदय लकड़ी के इस पुलः का जिला और जनहित में ज्यादा इस्तेमाल हो, इसके लिये अगले वित्तीय वर्ष में पक्का पुल बनाने की योजना सरकार शामिल करायेगी।

माननीय सदस्य, श्री अवध बिहार सिंह जी से मेरा आग्रह होगा कि वे इसको वापस ले लें।

**श्री अवध बिहारी सिंह** : महोदय, मैं मंत्री जी के आश्वासन के आलोक में प्रस्ताव को वापस लेता हूँ ।

**उपाध्यक्ष** : सभा की सहमति से यह प्रस्ताव वापस हुआ।

माननीय सदस्य, श्री लाल बिहारी यादव।

**क्रमांक : 29**

**श्री लाल बिहारी यादव** : उपाध्यक्ष महोदय, "सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह मधुबनी जिला एवं सुपौल जिला स्थित जीरो माईल बेलहा से भाया निर्मली होते हुए कुनौली तक के पथ की सुदृढ़ीकरण एवं पुलों की मरम्मति निर्धारित समय-सीमा के अन्दर कराकर आवागमन को युद्ध स्तर पर चालू करावे ।"